- यदि व्यक्ति को 'अनैच्छिक' से 'स्वैच्छिक', या 'स्वैच्छिक' से 'अनैच्छिक' में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है
- यदि व्यक्ति को किसी अन्य मानसिक स्वास्थ्य सुविधा में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया गया है
- यदि व्यक्ति को किसी अन्य मानसिक स्वास्थ्य सुविधा में स्थानांतरित किया गया है
- डिस्चार्ज और अन्य योजना के बारे में
- उपचार के प्रकार, जैसे कि इलेक्ट्रो कन्वल्सिव थेरेपी (ECT)

न्यायाधिकरण द्वारा[7] निम्नलिखित के संबंध में समीक्षाएँ और पूछताछ की जाती है:

- लगातार डिटेंशन (नज़रबंदी)
- सामुदायिक उपचार आदेश
- अनैच्छिक रोगी के लिए इलेक्ट्रो कन्वल्सिव थेरेपी (ECT) का उपयोग
- अनैच्छिक रोगी के लिए सर्जिकल प्रक्रिया या विशेष चिकित्सीय उपचार

देखभालकर्ताओं को निम्न संबंधी अनुरोध करने का भी अधिकार प्राप्त है:

- आकलन के उद्देश्य से किसी व्यक्ति को मानसिक स्वास्थ्य सुविधा में डिटेन किया जाना[8]
- किसी व्यक्ति को डिस्चार्ज किया जाना[9] या डिस्चार्ज किये जाने से इंकार करने के विरुद्ध अपील करना[10]
- किसी आधिकारिक आगंतुक से बात करना
- उपभोक्ता को डिस्चार्ज किये जाने से इंकार करने के विरुद्ध मानसिक स्वास्थ्य न्यायाधिकरण में अपील करना

---

*[7] मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW) की धारा 76*

*[8] मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW) की धारा 26*

*[9] मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW) की धारा 43(1)*

*[10] मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW) की धारा 44(1)*

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

- **देखभालकर्ताओं के अधिकारों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें**
  https://mhrm.mhcc.org.au/chapters/9-carers-of-people-with-mental-health-conditions/9a-carers-of-people-with-mental-health-conditions-overview/

- **Mental Health Review Tribunal (मानसिक स्वास्थ्य समीक्षा न्यायाधिकरण)**
  https://mhrt.nsw.gov.au/the-tribunal

- **Mental Health Act (मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम)**
  https://www.legislation.nsw.gov.au/#/view/act/2007/8

- **Official Visitor Program (आधिकारिक आगंतुक कार्यक्रम)**
  https://officialvisitorsmh.nsw.gov.au/Pages/OVP.aspx

**सभी ब्रोशरों तक पहुँच प्राप्त करने के लिए QR कोड स्कैन करें।**

MHCN: मई 2023

Mental Health Carers NSW

NSW सरकार द्वारा गर्व से वित्त पोषित
NSW GOVERNMENT



### मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे व्यक्ति के देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

# देखभालकर्ता के अधिकार

मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम (Mental Health Act) देखभालकर्ताओं के अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है। ये अधिकार सरकारी अस्पतालों, गैर-सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर लागू होते हैं।

अधिनियम में दो प्रकार के देखभालकर्ताओं की पहचान की गई है: 'नामित देखभालकर्ता' और 'मुख्य देखभाल प्रदाता'।

भले ही आपको औपचारिक रूप से इनमें से किसी भी रूप में नामांकित न किया गया हो, लेकिन फिर भी अधिनियम के तहत देखभालकर्ता के रूप में आपके पास अधिकार हो सकते हैं।

Hindi | हिन्दी

## नामित देखभालकर्ता

देखभाल प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा लिखित रूप में एक या दो नामित देखभालकर्ताओं का नामांकन किया जा सकता है।[1] आमतौर पर, नामित देखभालकर्ता का देखभाल प्राप्त करने वाले व्यक्ति के साथ घनिष्ठ और व्यक्तिगत संबंध होता है और वह व्यक्ति की भलाई में रुचि रखता है। यह जरूरी नहीं है कि नामित देखभालकर्ता द्वारा देखभाल प्राप्त करने वाले व्यक्ति को दैनिक रूप से सहायता प्रदान की जाती हो।

यदि व्यक्ति के लिए कोई संरक्षक नियुक्त किया गया है[2], तो वह संरक्षक अपने आप से ही उस व्यक्ति का नामित देखभालकर्ता बन जाता है। यदि व्यक्ति की आयु 14 वर्ष से कम है, तो आम तौर पर उसके माता-पिता ही नामित देखभालकर्ता होते हैं।

यदि व्यक्ति द्वारा कोई नामांकन नहीं किया गया है, तो नामित देखभालकर्ता निम्नलिखित में से कोई हो सकता है:

- जीवनसाथी (पति या पत्नी), यदि इस रिश्ते में करीबी और निरंतर संबंध है
- व्यक्ति को अवैतनिक सहायता या देखभाल प्रदान करने वाला कोई अन्य व्यक्ति
- कोई करीबी मित्र या रिश्तेदार



[1] *मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW) की धारा 71*

[2] *संरक्षक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो निर्णय लेने की क्षमता में कमी होने वाले व्यक्ति की ओर से स्वास्थ्य सेवा, जीवनशैली और चिकित्सा संबंधी निर्णय ले सकता है। NSW Civil & Administrative Tribunal (NSW सिविल और प्रशासनिक न्यायाधिकरण) द्वारा संरक्षक की नियुक्ति की जाती है।*

## मुख्य देखभाल प्रदाता

मुख्य देखभाल प्रदाता[3] से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो व्यक्ति को अवैतनिक दैनिक सहायता/देखभाल प्रदान करता है।

अधिकृत चिकित्सा अधिकारी या सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक द्वारा यह निर्धारित किया जा सकता है कि मुख्य देखभाल प्रदाता कौन हो सकता है। व्यक्ति का मुख्य देखभाल प्रदाता उसका नामित देखभालकर्ता भी हो सकता है।

इस बारे में आप उपचार करने वाली टीम के किसी सदस्य से पूछ सकते हैं कि यदि आपकी भूमिका मेडिकल रिकॉर्ड में लिखित रूप में नामित देखभालकर्ता के रूप में या फिर मुख्य देखभाल प्रदाता के रूप में दर्ज है।

यदि आप व्यक्ति की देखभाल कर रहे हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि उपचार करने वाली टीम द्वारा औपचारिक रूप से देखभालकर्ता के रूप में आपकी भूमिका को मान्यता प्रदान की जाती है।

यदि आपको देखभाल प्राप्त करने वाले व्यक्ति या उपचार करने वाली टीम द्वारा देखभालकर्ता के रूप में नामांकित नहीं किया गया है, तो आप उनके साथ अपने विकल्पों पर चर्चा कर सकते/ती हैं।

## देखभालकर्ताओं को बहिष्कृत किया जा सकता है

यदि देखभाल प्राप्त करने वाला व्यक्ति आपको जानकारी प्रदान किये जाने से लिखित रूप से बहिष्कृत करता है[4], तो उपचार करने वाली टीम द्वारा आपको जानकारी प्रदान नहीं की जा सकती है, फिर चाहे आपको ऐसा क्यों न लगता हो कि आप मुख्य देखभाल प्रदाता हैं।

[3] *मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW) की धारा 72A*

[4] *मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW) की धारा 72(2)*

हालाँकि, उपचार करने वाली टीम को किसी ऐसे व्यक्ति को मान्यता प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है जिसे नामित देखभालकर्ता या मुख्य देखभाल प्रदाता के रूप में नामांकित या बहिष्कृत किया गया है, यदि:

- उन्हें ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसा करने से व्यक्ति या देखभालकर्ता को गंभीर नुकसान का जोखिम हो सकता है, या
- यह मानने के आधार हैं कि नामांकन या बहिष्करण के समय व्यक्ति में ऐसे निर्णय लेने की क्षमता की कमी थी

देखभाल प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा किसी व्यक्ति को नामित देखभालकर्ता के रूप में अपने लिए नामांकित या बहिष्कृत किए जाने में परिवर्तन या फिर इस फैसले को रद्द किया जा सकता है।

नामांकन और बहिष्करण एक वर्ष तक लागू रहते हैं, जब तक कि उनमें परिवर्तन न किया जाए या उन्हें रद्द न कर दिया जाए।

18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति अपने माता-पिता को नामित देखभालकर्ता के रूप में मान्यता प्राप्त करने से बहिष्कृत नहीं कर सकते हैं[5]।

*ब्रोशर में दिए गए QR कोड का उपयोग 'Information Sharing (जानकारी साझाकरण)' ब्रोशर तक पहुँच प्राप्त करने के लिए करें।*

## देखभालकर्ता के रूप में आपके अधिकार

देखभालकर्ता के रूप में आपको निम्नलिखित के बारे में सलाह देने के लिए उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है[6]

**भर्ती, स्थानांतरण और डिस्चार्ज:**

- यदि व्यक्ति को मानसिक स्वास्थ्य यूनिट में भर्ती किया जाता है
- यदि व्यक्ति बिना अनुमति के मानसिक स्वास्थ्य यूनिट से अनुपस्थित है

[5] *मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW)की धारा 72(3)*

[6] *मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2007 NSW (Mental Health Act 2007 NSW) की धारा 78 और 79*